<u>राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर</u>

दिनाक : 02.09.2014

–: <u>प्रेस–विज्ञप्ति</u> :–

आयोग द्वारा शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–II व ग्रेड III प्रतियोगी परीक्षा 2013 की परीक्षा **<u>संयुक्त रूप से दिनांक 01.11.2014 (शनिवार)</u>** को दो सत्रों में **<u>अजमेर, जयपुर एवं जोधपुर</u>** जिला मुख्यालयों पर आयोजित कराया जाना निश्चित किया गया है। उक्त परीक्षा में ग्रेड–II व ग्रेड IIIका पाठ्यक्रम समान रहेगा।

अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा केन्द्र हेतु अजमेर एवं उदयपुर संभाग के आवेदन पत्र में भरे गये जिले वाले अभ्यर्थियों को अजमेर केन्द्र, जोधपुर एवं बीकानेर संभाग के आवेदन पत्र में भरे गये जिले वाले अभ्यर्थियों को जोधपुर केन्द्र एवं जयपुर, भरतपुर एवं कोटा संभाग के आवेदन पत्र में भरे गये जिले वाले अभ्यर्थियों को जयपुर केन्द्र आवंटित किया गया है। अत्यन्त विशेष कारणों से केन्द्र परिवर्तन चाहने वाले अभ्यर्थी, दिनांक 30.09.14 तक आवश्यक रूप से अपना प्रार्थना पत्र आयोग कार्यालय में प्रस्तुत करें। इसके पश्चात प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

(नरेश कुमार ठकराल)
सचिव